**मुख्य विकास अधिकारी जनपद गोरखपुर की अध्यक्षता में दिनांक 09.05.2023 को जल जीवन मिशन अन्तर्गत निर्मित/निर्माणाधीन ओवर हेड टैंक निर्माण तथा पानी कनेक्शन के सत्यापन की समीक्षा बैठक की कार्यवृत्ति।**

उपस्थिति

1— जिला विकास अधिकारी
2— अधिशासी अभियन्ता, जल निगम, ग्रामीण
3— जिला ग्रामोद्योग अधिकारी
4— जिला प्रबन्धक कौशल विकास मिशन
5— प्रसार प्रशिक्षण अधिकारी
6— प्रधान सहायक, कार्यालय भूमि संरक्षण अधिकारी
7— जिला कृषि अधिकारी
8— खण्ड विकास अधिकारी, कैम्पियरगंज, सहजनवॉ, ब्रम्हपुर, पाली, पिपराईच, जंगल कौड़िया, भरोहिया, बांसगांव गगहा, बड़हलगंज, बेलघाट,गोला, उरुवा, खजनी, खोराबार सरदारनगर कौड़ीराम एवं चरगॉवा।
9— श्री सरोज जेना, डी0जी0एम0, एन0सी0सी0
10— प्रोजेक्ट मैनेजर, ऋत्विक कोया
11— टीम लीडर मेधज व अन्य
12— जिला कोआर्डिनेटर डी0पी0एम0यू0, व अन्य स्टाफ
13— समस्त अवर अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण
14— जिला कोआर्डिनेटर आई0एस0ए0

दिनांक 09—05—2023 को पूर्वान्ह 11.00 बजें से बैठक आहुत किया गया। बैठक मे उपरोक्त समस्त अधिकारी उपस्थित रहें।

बैठक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा अवगत कराया गया कि जिला पंचायत की बैठक में जनप्रतिनिधियो द्वारा नाराजगी व्यक्त की गयी कि परियोजनाओ का लोकार्पण एवं शिलान्यास के समय उन्हे बुलाया नही जाता है। निर्देशित किया गया कि पेयजल से सम्बन्धित समस्त परियोजनाओ का शिलान्यास/लोकार्पण उस क्षेत्र के समस्त मा0 जनप्रतिनिधियो, यथा मा0 विधायक, मा0 क्षेत्र पंचायत प्रमुख, मा0जिला पंचायत अध्यक्ष/सदस्य आदि से ही कराया जाय तथा उसकी फोटोग्राफ उपलब्ध करायी जाय, साथ ही कार्यस्थल पर शिलालेख भी स्थापित कराया जाय।

सभी अवर अभियन्ता को निर्देशित किया गया कि परियोजनाओ का मौके पर जाकर निरीक्षण करे तथा पायी गयी कमियो से अधिशासी अभियन्ता जल निगम को अवगत कराये जो परियोजना पुरानी हो गयी है या ग्राम पंचायत को हैण्डओवर हो गया हो उसका मरम्मत/रख रखाव स्वयं खण्ड विकास अधिकारी मौके पर देख लें। गर्मी के मौसम को देखते हुये उसको ठीक कराने का कार्य कर लिया जाये। जल जीवन मिशन अन्तर्गत निर्मित परियोजनाओ का संस्था एन0सी0सी0 एवं ऋत्विक द्वारा रख रखाव व मरम्मत का कार्य देख रेख 10 वर्षो तक किया जायेगा।

**(कार्यवाही—अधिशासी अभियन्ता जल निगम/मे0एन0सी0सी0/ऋत्विक कोया )**

मेसर्स एन0सी0सी0 के डी0जी0एम0 श्री सरोज जेना द्वारा अवगत कराया गया कि कुल 10 स्थानो पर कोर्ट केस चल रहा है, जिसमें से 02 स्थानो पर कार्य प्रारम्भ करा दिया गया है शेष 08 स्थानो पर शीघ्र ही कार्य प्रारम्भ करा दिया जायेगा। श्री सरोज जेना द्वारा यह भी अवगत कराया है कि कुछ ग्रामीण जन द्वारा कार्य स्थल पर आकर कार्य प्रारम्भ नही करने दिया जाता है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी उक्त स्थानो को स्वयं

जाकर देख लें, जिन स्थानो पर स्टे की कापी प्राप्त नही हुआ है वहाँ पर इसी माह में कार्य प्रारम्भ कराया जाय, आवश्यकता पड़ने पर पुलिस बल का सहयोग भी प्राप्त किया जाय।

(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता जल निगम/मे०एन०सी०सी०/ऋत्विक कोया)

विकास खण्ड पिपराईच के ग्राम पंचायत गोपालपुर में गड्ढा खोदकर छोड़ दिया गया था, जिसके क्रम में पिछली समीक्षा बैठक में गड्ढे को तत्काल भरे जाने के निर्देश दिये गये थे, जिसके क्रम में बैठक में उपस्थित मेसर्स ऋत्विक कोया द्वारा अवगत कराया गया कि गड्ढे को भर दिया गया है। जिसकी पुष्टि बैठक मे उपस्थित खण्ड विकास अधिकारी पिपराईच द्वारा भी किया गया।

खण्ड विकास अधिकारी पिपराईच ने अवगत कराया कि ग्राम पंचायत हेमछापुर में बोरिंग का कार्य हुआ है शेष कार्य नही हुआ है।।

मेसर्स ऋत्विक कोया को निर्देशित किया गया कि कार्यों में प्रगति लाकर शीघ्र कार्य पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।।

(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता जल निगम/ऋत्विक कोया)

खण्ड विकास अधिकारी पाली ने विकास खण्ड पाली के ग्राम पंचायत महुअवारी का निरीक्षण किया जिसमें ग्राम पंचायत में कार्यदायी संस्था द्वारा 03 माह पूर्व अण्डर ग्राउण्ड पाइप डालकर छोड़ दिया गया है।। क्षतिग्रस्त सड़को को अभी तक ठीक नहीं कराया गया है।।

इसी प्रकार ग्राम पंचायत मुस्तफाबाद में ओवर हेड टैंक का निर्माण कार्य अपूर्ण है, पानी सप्लाई के लिए अण्डर ग्राउण्ड पाईप डाला गया है, जिससे ग्राम पंचायत में बने सी०सी०/इण्टरलॉकिंग क्षतिग्रस्त हो गया है।।

निर्देशित किया गया कि कार्यदायी संस्था, क्षतिग्रस्त सी०सी०/इण्टरलॉकिंग सड़को को बरसात के पूर्व ठीक कराना सुनिश्चित करें, जिससे ग्रामीणो के आवागमन में कोई असुविधा न हो।

(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता जल निगम/मे०एन०सी०सी०/ऋत्विक कोया )

खण्ड विकास अधिकारी कौड़ीराम ने ग्राम पंचायत विश्वा खुर्द, सलारपुर, बन्दौली बुजुर्ग, भरसा, जानीपुर, सियर बुजुर्ग, राजगढ़, कन्हईल मुस्ता का निरीक्षण किया गया इन ग्राम पंचायतो कार्यस्थल पर गेट नही लगा है, ओवर हेड टैंक का कार्य अपूर्ण पाया गया है।।

निर्देशित किया गया कि कार्यदायी संस्था, कार्यस्थल पर गेट लगवाना सुनिश्चित करे, तथा ओवर हेड टैंक का कार्य तीव्र गति से पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।।

(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता जल निगम/मे०एन०सी०सी०/ऋत्विक कोया ))

खण्ड विकास अधिकारी ब्रह्मपुर ने ग्राम पंचायत परसौनी, रामपुरा, कोल्हुआ, मठिया, भैसही नरो, बेनीजोत खरहरा, मिरवा, दुबौली, हरपुर, बोहाबार, हरैया, तेन्दुआ खुर्द, बैजुडीहा, जं० रसूलपुर नं०–1, कोना सोनबरसा, करही, सिलहटा मुण्डेरा, नेवादी, खैरघुटा, भरवक्षा, सरार मझगाँवा, डुमरी, बिसुनपुर मटियारा, सिंहड़वा, मजाईकोल, बरसुढी एवं मुण्डेरा ठकुराई का निरीक्षण किया गया इन ग्राम पंचायतो कार्यस्थल पर ओवर हेड टैंक का कार्य अपूर्ण पाया गया, पाईप कनेक्शन नही हुआ है तथा स्टाफ क्वाटर नही बना हुआ है।। कार्य की प्रगति काफी धीमी पाई गयी।।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि कार्यों में तेजी लाना सुनिश्चित करें।।

(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता जल निगम/मे०एन०सी०सी०/ऋत्विक कोया ))

खण्ड विकास अधिकारी ब्रह्मपुर ने ग्राम पंचायत परसौनी, रामपुरा, कोल्हुआ, मठिया, भैसही नरो, बेनीजोत खरहरा, मिरवा, दुबौली, हरपुर, बोहाबार, हरैया, तेन्दुआ खुर्द, बैजुडीहा, जं० रसूलपुर नं०–1, कोना सोनबरसा, करही, सिलहटा मुण्डेरा, नेवादी, खैरघुटा, भरवक्षा, सरार मझगाँवा,

डुमरी, विशुनपुर मटियरा, सिंहडवा, गजाईकोल, बक्सुडी एवं मुण्डेरा ठकुराई का निरीक्षण किया गया इन ग्राम पंचायतो कार्यस्थल पर ओवर हेड टैंक का कार्य अपूर्ण पाया गया, पाईप कनेक्शन नही हुआ है तथा स्टाफ क्वाटर नही बना हुआ है। कार्य की प्रगति काफी धीमी पाई गयी।

खण्ड विकास अधिकारी चरगॉवा ने ग्राम पंचायत जंगल औराही का निरीक्षण किया गया इन ग्राम पंचायतो कार्यस्थल पर ओवर हेड टैंक दो वर्षो से बन्द है, 1200 घरो में कनेक्शन हुआ है लेकिन पानी का सप्लाई नही हो रहा है, पानी की टंकी के प्रांगण में झाड़िया आ गयी है।

ग्राम पंचायत बनकटी उर्फ इटहीया में ईट की गुणवत्ता खराब पायी गयी। कनेक्शन मनमानी तरिके से किया गया है। सारे कनेक्शन घर के बाहर ही लगाये गये है, अनवास्श्यक जगहो पर कनेक्शन दिया गया है, पानी की आपूर्ति हेतु जो सड़क खोदी गयी है उसका मरम्मत का कार्य नही कराया गया है।

विकास खण्ड सहजनवॉ के ग्राम पंचायत जवरैला विषखोहर में निर्माणाधीन ओवर हेड टैंक में ईट बहुत ही लो क्वालिटी का प्रयोग किये जाने के सम्बन्ध में बैठक में उपस्थित मेसर्स एन0सी0सी0 के डीजी0एम0 श्री सरोज जेना को खराब ईट को बदलकर नये ईट का प्रयोग किये जाने हेतु निर्देशित किया गया था, जिसके कम में अवगत कराया गया कि खराब ईट को बदलकर नई ईट का प्रयोग किया जा रहा है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा कार्य स्थल का फोटोग्राफ उपलब्ध कराने की अपेक्षा की गयी। जिसके कम में कार्यस्थल का फोटोग्राफ उपलब्ध नही कराया गया।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया जिस कार्यस्थल पर ईट की गुणवत्ता खराब पायी गयी वहॉ के ठेकेदार के विरूद्व एफ0आई0आर0 दर्ज करायें, तथा पेनाल्टी मु0–100000.00 तक की लगायी जाय। निर्देशित किया गया कि कार्यस्थल पर ईट को तत्काल बदलवायें एवं इस प्रकार की पुनरावृत्ति पुनः संज्ञान में नही आयें।

**(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता जल निगम/मे0एन0सी0सी0/ऋत्विक कोया)**

हाउस कनेक्शन की सूची उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में अवगत कराया गया कि पिछले माह में 15378 की सूची उपलब्ध करा दी गयी है, लगभग 30000 हाउस कनेक्शन की सूची एक सप्ताह में उपलब्ध कराने का आवश्वासन दिया गया। निर्देशित किया गया कि तत्काल हाउस कनेक्शन की सूची उपलब्ध कराये जिससे हाउस कनेक्शन सत्यापन का कार्य कराया जा सकें।

संस्था द्वारा लो–लैण्ड स्थानो पर मिट्टी भरायी हेतु अनुरोध किया गया, अधोहस्ताक्षरी द्वारा अवगत कराया गया कि ग्राम पंचायतो में अमृत सरोवर का कार्य चल रहा है। वहॉ से मिट्टी लाकर लो लैण्ड स्थलो को नियमानुसार भरा जा सकता है।

**(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता जल निगम/मे0एन0सी0सी0/ऋत्विक कोया)**

खण्ड विकास अधिकारी खजनी ने अवगत कराया कि ग्राम पंचायत भरोहिया में पम्प हाउस बन्द है, पम्प आपरेटर हमेशा अनुपस्थित रहता है तथा उसके विरूद्व काफी शिकायते प्राप्त होती है। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम ग्रामीण द्वारा अवगत कराया कि ग्राम पंचायत भरोहिया मे निर्मित ओवर हेड टैंक पुरानी परियोजना है। जिसे ग्राम पंचायत को हस्तगत कर दिया गया है। अधोहस्ताक्षरी निर्देशित किया गया कि जिस ग्राम पंचायत में पम्प आपरेटर के कारण पानी की आपूर्ति नही हो रही है वहॉ के पम्प आपरेटर को बदल दिया जाय तथा ऐसी परियोजना जो ग्राम पंचायत को हस्तगित कर दी गयी हो वहॉ के ग्राम प्रधान से समन्वय स्थापित कर पानी की टंकी का संचालन कराया जाय।

**(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता जल निगम )**

विकास खण्ड भटहट में 04 स्थानो पर कार्य नही होना पाया गया।जिसके सम्बन्ध में एन0सी0सी0 द्वारा बताया गया कि कार्य स्थल पर बड़े बड़े वृक्ष है जिसके कारण कार्य प्रारम्भ नही हो

सका है। निर्देशित किया गया कि खण्ड विकास अधिकारी भटहट कार्य स्थल का निरीक्षण कर लें, तथा वृक्ष के कटान के सम्बन्ध में आवश्यक कार्यवाही करें। एन0सी0सी0 को निर्देशित किया गया कि प्रभागीय वनाधिकारी वन प्रभाग से समन्वय स्थापित करते हुये वृक्ष के कटान के पश्चात तत्काल कार्य प्रारम्भ कराया जाय।

खण्ड विकास अधिकारी पाली ने परफारमेन्स ग्रान्ट ग्राम पंचायत मुस्तफाबाद का निरीक्षण किया जिसमें ओवर हेड टैंक का निर्माण कार्य चल रहा है तथा पानी सप्लाई के लिए अण्डर ग्राउण्ड पाइप डाला गया है, परन्तु ग्राम पंचायत में बने सी0सी0रोड एवं इण्टरलाकिंग को क्षतिग्रस्त कर दिया गया है।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया कि पाइप लाइन बिछाने के कारण जो सड़क या इण्टरलाकिंग क्षतिग्रस्त हो गयी है उसको उसी तरह ठीक कराया जाय। जहाँ पर पाइप लाइन नही बिछाया गया है वहाँ पर बारिश प्रारम्भ के पहले स्टेक्वर डेढ माह के अन्दर तैयार कर लें जिससे वाटर हेड टैंक, पम्पहाउस, बाउन्डीवाल का कार्य कराया जा सके। सुनिश्चित कर लें आवासन्न में ग्राम वासियो को कोई असुविधा न हो। बरसात के पूर्व समस्त क्षतिग्रस्त सड़क को एक माह के अन्दर ठीक कराना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही–अधिशासी अभियन्ता जल निगम/मे0एन0सी0सी0/ऋत्विक कोया )

निर्देशित किया गया कि खण्ड विकास अधिकारियो एवं नोडल अधिकारियो द्वारा सत्यापन में पायी गयी कमियों जल निगम को प्रेषित किया गया है, पायी गयी कमियो का निस्तारण कराया जाय।

अधिशासी अभियन्ता जल निगम को निर्देशित किया गया कि जो भी परियोजना ग्राम पंचायत को हस्तान्तरण कर दी गयी है उसकी सूची समस्त खण्ड विकास अधिकारियो को प्रेषित कर दें, जिससे खण्ड विकास अधिकारी गण को यह जानकारी हो जाय कि कौन सी परियोजना ग्राम पंचायत को हस्तान्तरित है।

मुख्य विकास अधिकारी
गोरखपुर

पत्रांक 544 /तद्दिनांकित। 18-5-2023

**प्रतिलिपि:–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:–**

1– जिलाधिकारी, गोरखपुर।
2– जिला विकास अधिकारी, गोरखपुर।
3– समस्त नामित नोडल अधिकारी जनपद गोरखपुर ।
4– समस्त खण्ड विकास अधिकारी जनपद गोरखपुर ।
5– अधिशासी अभियन्ता, दशम खण्ड, जल निगम, ग्रामीण गोरखपुर।
6– मेसर्स एन0सी0सी0लि0/मेसर्स ऋत्विक कोया, जनपद गोरखपुर।
7– मेसर्स मेघजा टेक्नो कान्सेप्ट प्रा0 लि0 जनपद गोरखपुर।
8– जिला कोआर्डिनेटर, डी0पी0एम0यू0 जनपद गोरखपुर।

मुख्य विकास अधिकारी
गोरखपुर